जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2021/813 दिनांक : 31.05.2021

// अत्यावश्यक //

(स्मरण-पत्र)

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाऐं
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषयः- स्नातक/स्नाकोत्तर परीक्षा मार्च/जून-2021 में सम्मलित समस्त नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक आवश्यक रूप से ऑनलाइन अपडेट करने हेतु निर्देश।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा मार्च/जून -2021 की सैद्धांतिक परीक्षाओं का आयोजन म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ओपन बुक पद्वति से से सम्पन्न कराये जाना है। उक्त परीक्षाओं के आयोजित किये जाने के पूर्व समस्त परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक एम0पी0ऑनलाइन पर अपडेट कराये जाते है। किंतु कई महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट नहीं किये है।

अतः उक्त संबध में समस्त महाविद्यालय प्राचार्य/प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक समस्त अध्ययनशाला को सूचित किये जाता **समस्त स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों सत्र 2020-21 के आंतरिक मूल्यांकन के अंक आवश्यक रूप से परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि तक एम0पी0ऑनलाइन पर अपडेट करें।** प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु सैद्वांतिक परीक्षा उपरांत प्रथक से निर्देश जारी किये जावेगें।

विशेष नोट :-महाविद्यालय प्राचार्य/विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करें कि, महाविद्यालय/अध्ययनशाला में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन के अंक निर्धारित अवधि में एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट हों। आंतरिक मूल्यांकन के अंको के अपडेट नहीं किये जाने की स्थिति में छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र, उपस्थिति पत्रक एवं डॉकेट जारी नहीं किया जावेगा एवं परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा। ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी बैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला स्वंय जिम्मेदार होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0 छात्र/छात्राओं के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगें।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
2. अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा), मोती महल, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं इस निवेदन के साथ कि इस बावत् समस्त अग्रणी महाविद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)